दिन–बुधवार दिनांक– 04 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि भारत की सबसे बड़ी ताकत इसके युवा हैं। श्री प्रधान नई दिल्ली में संस्थागत विकास योजना पर एक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों को एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने की आवश्यकता है, जहां केवल डिग्री बांटने की जगह योग्यता को प्राथमिकता दी जाती है। श्री प्रधान ने कहा कि यूजीसी को सिर्फ एक नियामक के रूप में नहीं बल्कि एक सुविधा प्रदाता के रूप में भी देखा जाना चाहिए। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने उच्च शिक्षा के लिए विभिन्न नियमों, विनियमों और अधिसूचनाओं को प्रस्तुत करने वाले यूजीसी विनियमों के सार–संग्रह का शुभारंभ किया।

केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज नई दिल्ली में नया नोटरी पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री मेघवाल ने डिजिटल इंडिया के लक्ष्य की दिशा में समर्पित नोटरी पोर्टल के शुभारंभ की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पेपरलेस, फेसलेस और कुशल प्रणाली प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री मेघवाल ने कहा कि यह पोर्टल उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया गया है साथ ही इससे नोटरी और जनता को मदद मिलेगी। नोटरी पोर्टल आवेदन जमा करने, प्रैक्टिस प्रमाणपत्र जारी करने और नवीनीकरण करने, प्रैक्टिस क्षेत्र में बदलाव और वार्षिक रिटर्न जमा करने जैसी विभिन्न सेवाओं के लिए नोटरी और सरकार के बीच एक ऑनलाइन इंटरफ़ेस प्रदान करता है।

शिक्षक दिवस के अवसर पर इस वर्ष राज्य सरकार इकतालीस शिक्षकों को राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेगी। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इनमें ग्यारह महिला शिक्षक शामिल हैं। इन सभी शिक्षकों को पंद्रह हजार रूपये नकद और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में सबसे अधिक तीन शिक्षक औरंगाबाद जिले के हैं। वहीं, सीतामढ़ी, वैशाली, सारण, सीवान, सुपौल, पूर्णियां, भागलपुर और रोहतास जिले के दो–दो शिक्षक हैं। यह समारोह कल पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित किया जाएगा। इधर, राज्य के दो शिक्षकों का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किया गया है। कैमूर जिले के सिकेन्द्र

कुमार सुमन और मधुबनी जिले की डॉक्टर मीनाक्षी कुमारी को कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति सम्मानित करेंगी।

———————————————————

अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह को उनके मोबाइल पर रंगदारी के साथ जान से मारने की धमकी मिली है। मामले को लेकर सांसद ने नगर थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया गया है कि उन्हें नेपाल के एक मोबाईल नम्बर से मैसेज के जरिये धमकी दी गयी है। इधर, खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा को जान से मारने की धमकी देने के मामले में अलौली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————

पटना, औरंगाबाद, रोहतास, भोजपुर, वैशाली और मुजफ्फरपुर समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–मध्य हिस्सों में आज कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, अररिया, पूर्णियां और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के पूर्वी हिस्सों में मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी के बोखरा में सबसे अधिक अठहत्तर दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है।

———————————————————

बक्सर जिले के चौसा प्रखंड के दो गांवों में किसानों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में दमन विरोधी मार्च निकाला गया। इसमें अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय संगठन सचिव और आरा के सांसद सुदामा प्रसाद भी शामिल हुये।

———————————————————

शेखपुरा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरा गांव स्थित एक तालाब में नहाने के दौरान डूबने से एक छात्रा की मौत हो गई है।

———————————————————

मोतिहारी स्थित छतौनी बस स्टैंड से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने लगभग चार किलो चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।